ईद मिलादुन्नबी पर्व पर मुस्लिम जमात ने... पृष्ठ 2 | कांग्रेस के चार पार्षदों में फूट... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


गुरूवार, 19 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 335, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# देश में एक देश एक चुनाव को आज मोदी कैबिनेट से मिली मंजूरी




## वन नेशन वन इलेक्शनपर रामनाथ कोविंद रिपोर्ट को मंजूरी

नई दिल्ली। देश में एक देश एक चुनाव को आज मोदी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। वन नेशन वन इलेक्शन के लिए एक कमेटी बनाई गई थी जिसके चेयरमैन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद थे। कोविंद ने अपनी रिपोर्ट इस पर आज मोदी कैबिनेट को दी जिसके बाद उसे सर्वसम्मति से मंजूर कर दिया गया। हालांकि इसके बाद आगे का सफर आसान नही होने वाला है। इसके लिए संविधान संशोधन और राज्यों की मंजूरी भी जरूरी है, जिसके बाद ही इसे लागू किया जाएगा।

वन नेशन वन इलेक्शन यानी एक देश एक चुनाव को मोदी कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हाई लेवल कमेटी की सिफारिशों को मंजूर कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि 1951 से 1967 तक देश में एक साथ ही चुनाव होते थे। हम अगले महीनों में इसपर आम सहमति बनाने की कोशिश करेंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आगे कहा कि 'एक देश एक चुनाव' पर समिति ने 191 दिन तक काम किया और 21,558 लोगों से राय ली। 80त्न लोगों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जिसमें 47 में से 32 राजनीतिक दल भी शामिल हैं। समिति ने पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों, चुनाव आयुक्तों और राज्य चुनाव आयुक्तों से भी बात की। वैष्णव ने बताया कि 'एक देश एक चुनाव' दो चरणों में लागू होगा। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे। दूसरे चरण में स्थानीय निकाय चुनाव (पंचायत और नगरपालिका) होंगे।

**शीतकालीन सत्र में लाया जा सकता है बिल-**

एक देश एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की रिपोर्ट को आज नरेंद्र मोदी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। माना जा रहा है कि अब केंद्र सरकार इसे शीतकालीन सत्र में संसद में लाएगी। हालांकि, ये संविधान संशोधन वाला बिल है और इसके लिए राज्यों की सहमति भी जरूरी है। 2024 के आम चुनाव में बीजेपी ने वन नेशन वन इलेक्शन का वादा किया था।

**17 सितंबर को ही मिल गए थे संकेत-**

मार्च में, राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में पैनल ने अपनी 18,626 पेज वाली रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। कैबिनेट की ओर से हां के संकेत एक दिन पहले ही मिल गए थे, जब गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' मोदी सरकार 3.0 के कार्यकाल के दौरान अगले पांच वर्षों के भीतर लागू किया जाएगा। शाह ने कहा था कि सरकार इस कार्यकाल के भीतर एक राष्ट्र एक चुनाव लागू करने की योजना बना रही है। पिछले महीने ऐतिहासिक तीसरी बार शपथ लेने के बाद अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का जिक्र किया था। उन्होंने जोर देकर कहा था कि लगातार चुनाव देश के विकास को धीमा कर रहे थे।

**बीजेपी के सहयोगी दलों का भी मिला साथ-**

बीजेपी सहयोगी, जेडीयू और एलजेपी ने भी औपचारिक रूप से इस कदम का समर्थन किया है, वहीं विपक्षी दलों ने विरोध किया है। जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि जेडीयू एनडीए की एक राष्ट्र-एक चुनाव योजना का पूरा समर्थन करता है। ऐसा करने से देश को न केवल लगातार चुनावों से छुटकारा मिलेगा, बल्कि केंद्र स्थिर नीतियों और साक्ष्य-आधारित सुधारों पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।

**वन नेशन वन इलेक्शन क्या है और कैसे लागू होगा ?-**



सरल शब्दों में कहें, तो इसका मतलब है कि एक ही समय या एक ही वर्ष में केंद्र और राज्य के प्रतिनिधियों को चुनने के लिए सभी भारतीय लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान करेंगे। यही नहीं वन नेशन वन इलेक्शन के लागू होते ही नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों के चुनाव भी साथ होंगे। वर्तमान में, केंद्र सरकार का चयन करने के साथ-साथ एक नई राज्य सरकार के लिए भी लोगा मतदान करते हैं। एक देश एक चुनाव लागू होते ही संसाधनों की भी बचत होगी। एक राष्ट्र एक चुनाव लागू होने में अभी बाधाएं भी कई हैं। कैबिनेट से पास होने के बाद सरकार इसपर बिल लाएगी। संविधान में संशोधन और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों के साथ-साथ संभवत: प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा उस संशोधन का अनुमोदन किए बिना नहीं इसे लागू नहीं किया जा सकेगा। सदनों के विघटन, राष्ट्रपति शासन या यहां तक कि एक लटके विधानसभा या संसद के कारण होने वाले ब्रेक से कैसे निपटा जाए, इस पर अभी भी कोई वास्तविक स्पष्टता नहीं है।

# सीएम साय की अध्यक्षता में 20 सितंबर को होगी कैबिनेट बैठक

## राज्योत्सव, धान खरीदी, नक्सलवाद समेत कई मुद्दों पर लिए जा सकते है अहम फैसले

*धीरज तिवारी*



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार 20 सितंबर सुबह 11:30 बजे से नवा रायपुर में महानदी भवन स्थित मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक होगी। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी विभाग सचिवों से कैबिनेट में मंजूरी योग्य प्रस्ताव समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। यह बैठक करीब एक माह बाद हो रही है, जिसमें राज्योत्सव आयोजन, धान खरीदी की शुरुआत, नई औद्योगिक नीति, और नक्सलवाद खत्म करने के लिए पुनर्वास नीति समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। बता दें कि इस बार भाजपा सरकार के सत्ता में वापसी के बाद पहला राज्योत्सव है, इस बार 1 नवंबर दीपावली के दूसरे दिन पड़ रहा है, इसलिए सरकार की 3 से 5 दिनों तक भव्य रूप से इसे आयोजित करने की योजना है। जिलों में भी एक या दो दिन के राज्योत्सव कार्यक्रमों का आयोजन संभव है। कैबिनेट की बैठक में 1 नवंबर से खरीफ सीजन की धान खरीदी की शुरुआत की घोषणा भी हो सकती है। इसके अलावा च्विकसित छत्तीसगढ़ज्ज् का विजन डाक्यूमेंट पेश किया जाएगा, जिसमें अगले पांच वर्षों के विकास का खाका तैयार किया जाएगा। साथ ही, नई औद्योगिक नीति और नक्सलवाद खत्म करने के लिए पुनर्वास नीति भी पेश की जा सकती है।

# चातुर्मास्य पश्चात पुरी शंकराचार्यजी का प्रवास कार्यक्रम

*अरविन्द तिवारी*

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरी पीठाधीश्वर एवं हिन्दू राष्ट्र निर्माण के पथप्रदर्शक अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा के उपरान्त श्रीगोवर्द्धनमठ पुरी में ही चातुर्मास्य व्रत करते हैं तथा इस अवधि में राष्ट्रोत्कर्ष अभियान अंतर्गत राष्ट्रव्यापी प्रवास कार्यक्रम विराम रहता है। चातुर्मास्य पश्चात यह प्रवास कार्यक्रम निरन्तर जारी रहता है , इसी परिपेक्ष्य में प्रथम प्रवास कार्यक्रम आज 18 सितम्बर 2024 बुधवार से आरम्भ हो रहा है। आज अपरान्ह दो बजे श्रीगोर्द्धनमठ से प्रस्थान कर श्रीगोवर्द्धन गोशाला , पंचवटी आश्रम , जीराकंडी ( चांदीपुर) पहुंचकर धर्मसभा में आध्यात्मिक संदेश प्रदान करेंगे तत्पश्चात वहां से समुद्र आरती के पूर्व भगवती बतमंगला देवी की पूजा अर्चना , दर्शन कर स्वर्गदार पुरी में समुद्र आरती आयोजन के पश्चात वापस श्रीगोवर्द्धनमठ पहुंचेंगे। राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के प्रथम चरण में पुरी शंकराचार्यजी का कोलकता प्रवास होगा। पश्चिम बंगाल से 21 सितम्बर को प्रस्थान कर 22 सितम्बर को दसदिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे। राजधानी रायपुर रावाभांठा स्थित शंकराचार्य आश्रम , श्री सुदर्शन संस्थानम् में 22 सितम्बर से 26 सितम्बर तक निवासरत रहेंगे। रायपुर पश्चात 26 सितम्बर रात्रि में रेलमार्ग द्वारा अम्बिकापुर प्रस्थान होगा। वहां 29 सितम्बर तक सनातनी भक्त वृन्द निर्धारित समय में दर्शन , दीक्षा , संगोष्ठी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अम्बिकापुर से 29 सितम्बर रात्रि में प्रस्थान कर 30 सितम्बर प्रात: न्यायधानी बिलासपुर पहुंचकर 01 अक्टूबर तक निवासरत रहेंगे। यहां आयोजित सभी कार्यक्रमों की समाप्ति पश्चात दो अक्टूबर को राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के अगले चरण के लिये प्रस्थान करेंगे।



गौरतलब है कि पुरी शंकराचार्यजी के हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा कार्यक्रम के प्रात:कालीन सत्र में पूर्वान्ह लगभग साढ़े ग्यारह बजे से दर्शन , दीक्षा , संगोष्ठी आयोजित होता है तथा सायं छह बजे दर्शन लाभ , संगोष्ठी का पुन: सुअवसर प्राप्त होता है। सामान्यत: धर्मसभा का आयोजन सायं पांच बजे आरम्भ होता है , उपरोक्तानुसार समयों मे परिस्थिति अनुसार परिवर्तन सम्भावित रहता है जिसकी पृथक सूचना प्रसारित किया जाता है। धर्मसंघ पीठपरिषद् , आदित्यवाहिनी - आनन्दवाहिनी छत्तीसगढ़ इकाई ने उपरोक्त कार्यक्रमों में सभी सनतनी भक्त वृन्द को सपरिवार - इष्ट मित्रों के साथ उपस्थित रहकर हिन्दू राष्ट्र निर्माण तथा भव्य भारत की संरचना जैसे पुण्य कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। इसकी जानकारी श्रीसुदर्शन संस्थानम् , पुरी शंकराचार्य आश्रम / मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी।

# तहसीलदार नीलमणि दुबे के विरुद्ध किए जा रहे षड्यंत्र की सर्व ब्राह्मण समाज ने निंदा की

**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, उपप्रांत अध्यक्ष लेखमणि पांडे, जिला अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा सहित पदाधिकारियो ने तहसीलदार नीलमणि दुबे पर अनावश्यक दबाव बनाकर प्रताड़ित करने के प्रयास की कटु शब्दों में निंदा की है।

श्री दुबे कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के अध्यक्ष और बेदाग छवि के अधिकारी हैं। किसी भी दबाव में नहीं झुकने वाले तथा संघ के माध्यम से समस्याओं को बेबाक रखते रहते हैं, जिसके कारण से उन्हें अनावश्यक दबाव बनाकर परेशान करने का प्रयास किया जा रहा है। समाज शीघ्र ही मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल से मिलकर प्रताड़ित करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग को लेकर ज्ञापन देने का निर्णय लिया है।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के प्रयासों से 14 निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिली

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के विशेष प्रयासों से लगातार राजनांदगांव में विकास कार्यों की एक लंबी श्रृंखला शुरू हो चुकी है,इसके पूर्व डॉ रमन सिंह द्वारा दिग्विजय स्टेडियम के नवनिर्माण में भी एक बड़ी राशि की स्वीकृत हुई थी। इसी कड़ी में आज विश्वकर्मा जयंती एवं अनंत चतुर्दशी के शुभ दिन पर क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं देते हुए डॉ रमन सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र विकास प्राधिकरण की निधि से 14 निर्माण कार्यों हेतु 63.80 लाख की अनुशंसा पर स्वीकृति प्रदान हुई है। विदित हो कि डॉ रमन सिंह लगातार अपने क्षेत्र का दौरा कर महत्वपूर्ण मांगों पर त्वरित अनुशंसा कर रहे हैं।इसी परिपेक्ष में आज 63.8 लाख रुपए की स्वीकृति 14 निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त हुई है, जिस पर सभी संबंधित ग्राम के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। सांकरा,खैरा-रवेली,धर्मापुर,तोरणकट्टा एवम ठाकुरटोला के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु इसी तरह से ठेकवा, बाकल, ककरेल, बैगाटोला, भेड़ीकला, के रंगमंच निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है, साथ ही निर्मला घाट निर्माण हेतु ककरेल में दो जगह एवं ठेकुआ में एक जगह की स्वीकृति प्राप्त हुई है, इस तरह 14 निर्माण कार्यों के लिए कुल 63.80 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है।



# नगर पंचायत डोंगरगांव में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारम्भ



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** को नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पंचायत कार्यालय से स्वच्छता मे कार्यरत वाहनों को हरी झंडी दिखा कर किया गया. साथ ही उपस्थित सभी लोगो को स्वच्छता शपथ दिलाया गया एवं स्वच्छता जागरूकता हेतु रैली निकाली गई. जिसमे अध्यक्ष हीरा निषाद, उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा, पार्षद वैशाली बोरकर, डीकेश साहू, रविन्द्र मंडलोई, समस्त पार्षद गण एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा, सहित निकाय के समस्त अधिकारी कर्मचारी,स्वच्छता दीदी, सफाई कर्मचारी, नगरवासी उपस्थित थे

**स्वच्छता पर जोर** - नगर मे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम जिसमे विभिन्न गतिविधिया -स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ, स्कूलों मे प्रतियोगिता, श्रमदान, प्लास्टिक उपयोग न करने हेतु जागरूकता रैली, एक पेड़ माँ के नाम, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आदि 17.सितंबर से 01.अक्तूबर तक स्वच्छता अभियान किया जाना है.

# बिना डीजे और बिना झांकियों के विसर्जन धूमधाम से किया

## मंहगाई की मार से युवाओं ने सिर्फ भक्तिभाव का माहौल बनाया



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड मटिया में शिव शक्ति बाल गणेश उत्सव समिति द्वारा बिना डीजे साउंड और बिना झांकियां के युवाओं ने पूरे 11 दिन तक मटिया वार्ड में भक्ति भाव माहौल में भगवान गणेश की जय कारा करते हुए विसर्जन यात्रा निकाली गई शिव शक्ति बाल गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने 11 दिन तक भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर प्रतिदिन रात्रि में भक्तिमय आयोजन जस का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

**महंगाई में डीजे और झांकी से बनाई दूरी**

आज की चकाचौंद और दिखावा को नकारते हुए आज की नई युवा पीढ़ी युवाओं में एक नई संदेश देते हुए गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने महंगाई को देखते हुए डीजे साउंड और झांकियां से दूरी बनाई और शांति वातावरण से भगवान गणेश उत्सव को भक्ति भाव माहौल से संपन्न कराया गया गणेश विसर्जन कार्यक्रम में ग्राम के कृष्ण कुमार साहू तोरण साहू घनानंद साहू युवराज साहू जयप्रकाश साहू यशवंत साहू खिलेंद्र साहू जीतू भुरू गंगाराम साहू खुशी साहू सोनम साहू धारनी साहू गुंजा साहू लकी साहू गोलू साहू देवांशु एवं शिव शक्ति बाल गणेश उत्सव समिति के सदस्य शामिल हुए थे।

# एनीकट क्षतिग्रस्त विभाग कुंभकर्ण नींद में : वैष्णव



**राजनांदगांव ( नादगांव टाइम्स )।** समीपस्थल ग्राम जंगलेसर धामनसरा एनीकट कम रपटा बरसात के पहले बाढ़ में 40फीट उखड़ कर नदी में समा गया लेकिन धामनसरा सरपंच लोकेश कुमार गंगवीर पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव ने जल संसाधन विभाग में लिखित आवेदन दे कर तीन बार विभाग में अव्वल कराया लेकिन देखने भी नहीं आया अभी बाढ़ में 25 फीट उखड़ कर एनीकट उपर पलट गया है जिससे राहगीरों एवं मोटरसाइकिल साईकिल वाले जान हथेली पर रख पार कर रहा विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव में बाद जायज़ लेने आया था उस समय ग्रामीण जन विभाग गलती गेट नहीं खोलने शिकायत किया गया था जिसका नतीजा विभागीय अधिकारी के उपर उचित कार्रवाई होना चाहिए तथा एनीकट मरम्मत कर सुगम आवागमन बनाना चाहिए।



# ईद मिलादुन्नबी पर्व पर मुस्लिम जमात ने नगर के प्रतिभावान व बोर्ड के टापर बच्चो को किया सम्मानित

## ईद मिलादुन्नबी पर्व पर निकला जुलुसे मोहम्मदी, परचम कुसाई , आम लंगर का हुआ आयोजन, पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर नमाज अता कर मांगी देशवासियो के लिए प्रेम, शांति, सदभावना की दुआए

**अफशान खान ,**

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** हजरत पैगम्बर साहब का जन्म दिवस ईद मिलादुननबी का पर्व सोमवार को मुस्लिम जमात ने हर्शोल्लसापर्वूक मनाया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज ने मस्जिद में पर्व की नमाज अता करते हुए देशवासियो के लिए प्रेम, शांति, सदभावना व खुशहाली की दुआए मांगी। ईद मिलदुन्नबी के पर्व पर नगर में परंपरानुसार प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्ड 15 स्थित जामा मस्जिद से जुलुसे मोहम्मदी निकाली गई। जुलुस मस्जिद से प्रांरभ होकर नगर के मुख्य मार्ग होते हुए चर्च व गुरूदारा मार्ग होते हुए बस स्टैन्ड, डॉ आम्बेडकर चौक, कुम्हार पारा, शंकर पारा पटेल पारा, बाजार चौक होते हुए मेनरोड होकर मदरसा आकर समाप्त हुई। मदरसा में परचम कुसाई की रस्म अदा की गई। इसके बाद जुलुसे मोहम्मदी पुन: मदरसा से प्रारंभ होकर गंज लाईन, गांधी चौक, बजरंग चौक, गुप्ता चौक हाते हुए मस्जिद में आकर समाप्त हुई। जुलुस की समाप्ति के बाद मस्जिद में परचम कुसाई की गई। यंहा पर मुस्लिम महिला समाज द्वारा कुरान खानी का आयोजन किया गया। जुलुस का नगर में जगह जगह मुस्लिम समाज का स्वागत किया गया। जुलुस में मुस्लिम जमात अंबागढ चौकी के प्रमुख हाजी सलीम तिगाला, हाजी रसीद रहमानी, हाजी अब्दुल रज्जाक, हाजी नवाब खान, हाजी ईमारान, हाजी मुन्ना भाई, हाजी शरीफ तिगाला, सोफू जिलानी, इब्राइल खान, गुलाम नबी, ईसार्रल निर्वाण, सलामुद्दीन, शमशुद्दीन कुरैशी, सहित बडी संख्या में समाज के वरिष्ठ एवं युवा व बच्चे शामिल थे।

**नगर के मेघावी व बोर्ड के टापर बच्चो को किया सम्मानित**

मुस्लिम समाज द्वारा इस वर्ष ईद मिलादुननबी पर्व की शाम जामा मस्जिद परिसर में नगर के प्रतिभावान बच्चो को सम्मानित व पुरूस्कृत किया गया। जामा मस्जिद कमेटी द्वारा आयोजित इस समारोह में मुस्लिम समाज द्वारा हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में जिले व ब्लाक में प्रथम आने



वाले तथा बोर्ड परीक्षा में स्टेट की टापर सूची में स्थान बनाने वाले मोनालिका रजक, रिद्धिमा मंडावी, रितिका देवागन, स्मृति मानिकपुरी, अराधना निषाद, धीरज निषाद, विवेक कुंभकार, श्रुति गुप्ता, टिवंकल देवागंन इत्यादि बच्चो को सम्मानित किया गया। मुस्लिम समाज ने प्रतिभावान बच्चो को स्मृति चिन्ह के साथ कापिया एवं स्टेष्नरी के अलावा पढाई में उपयोगी सामग्री का वितरण किया। इसके अलावा समाज की मजबूती तथा शिक्षा के विकास के लिए प्रेरणीय कार्य करने वाले समाज के वरिश्ठ नागरिक हाजी सलीम तिगाला और मोहम्मद एजाज खान को भी अंबागढ चौकी मुस्लिम जमात द्वारा सम्मानिम किया गया। तथा समाज के अन्य लोगो से भी इस दिशा में कार्य करने का आहवान किया गया।

**महिला सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख की घोषणा**

ईद मिलादुन्नबी पर्व पर स्थानीय विधायक भोलाराम साहू मुस्लिम जमात द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। पर्व पर विधायक श्री साहू ने मुस्लिम भाईयो को गले मिलकर पर्व की बधाई व शुभकामनाए दी। तथा शाम को जामा मस्जिम में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में विधायक श्री साहू ने बच्चो को सम्मानित कर पुरुस्कार बाटे। इस दौरान विधायक भोलाराम साहू ने मुस्लिम समाज की मांग पर नगर में मुस्लिम समाज के महिलाओ के विकास के लिए मुस्लिम महिला सामुदायिक भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से दस लाख की सौगात देने का ऐैलान किया। विधायक द्वारा मांग पुरी किए जाने पर सामज ने विधायक श्री साहू का आभार ज्ञापित किया।

**दिन में यंग कमेटी व शाम में जमात द्वारा आम लंगर**

ईद मिलादुनन्बी पर्व पर परंपरानुसार इस वर्ष भी मुस्लिम समाज द्वारा आम लंगर का आयोजन किया गया। जिसमे समाज के हर वर्ग व आयु के सभी सामाजिकजन शामिल हुए। इस बार मुस्लिम यंग कमेटी द्वारा दोपहर में आम लंगर का आयोजन किया गया। जबकि रात में मुस्लिम जमात व जामा मस्जिद कमेटी द्वारा लंगर का आयोजन किया गया। आम लंगर में मुस्लिम समाज के अलावा अन्य धर्म, जाति व वर्ग के लोग भी पहुचकर मुस्लिम भाईयो को पर्व की बधाईया देते हुए लंगर का आनंद उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में यंग कमेटी के अध्यक्ष रईस खान,उपाध्यक्ष शाहिर कुरैशी, शेख़ शोएब, जुनैद खान, ईलियास खान, शेख़ जावेद, अमन कुरैशी, गफ्फार खान, जाकिर खान, अतीक खान इत्यादि लोगो ने उल्लेखनीय योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में सदर रफीक खान, नायब सदर अनीश कुरैशी, सचिव अब्दुल रज्जाक खान, इब्राहिम बख्श, गुलाम नबी, तौफिक़ खान, मोहबीन अली ने सामाजिक जनो का आभार ज्ञापित किया।

## कर्मचारियों ने मनायी भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय में प्रतिवर्षानुसार वास्तुकला के देवता, कलात्मक रचनाओं में सर्वश्रेष्ठ, निर्माण के भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती समस्त कर्मचारी साथियों ने धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर मुद्रणालय के तकनीकी अधिकारी अधिदर्शक (ओव्हरसियर) ईन्दर कुमार सिंह तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष, दुर्ग संभाग तथा जिला शाखा राजनांदगांव के सचिव आनन्द कुमार श्रीवास्तव की प्रमुख उपस्थिति में समस्त कर्मचारी साथियों के द्वारा विधि-विधानपूर्वक भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना की गयी। पश्चात में प्रसादी का वितरण हुआ। इस अवसर पर राकेश अहिरवार, जेम्स ओलीवर मिंज, शेख अमीर, शलेंद्र खोब्रागढ़े, देवेंद्र राव, रवि साहू, श्रीमती आशा सावरकर, गजानंद देवांगन, हरिशंकर यादव, हरिलाल साहू, राकेश यादव, यशवंत टोप्पो, उमेश ओझा, कुमारी नौशादा परवीन, श्रीमती सविता वर्मा आदि साथीगण उपस्थित थे।



## जिले के विभिन्न विभागों द्वारा नगर निगम परिसर में लगाया गया स्टॉल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत देश भर के लाखों हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों द्वारा नगर निगम परिसर में स्टॉल लगाया गया। सांसद श्री संतोष पाण्डेय एवं कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी स्टॉल का अवलोकन किया। जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित भारत : मोदी जी की संकल्पना थीम पर आधारित फोटो प्रदर्शनी में उनके जीवन की खुबसूरत झांकी प्रदर्शित की गई। उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों एवं अवदानों को प्रदर्शित किया गया। स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए पोट्ठ लईका पहल, पौधरोपण, मिशन जल रक्षा, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रदर्शित किया गया। इस दौरान जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन का नि:शुल्क वितरण किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में बच्चों का अन्न-प्राशन्न किया गया तथा उनके वजन की माप की गई। जनसामान्य को बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए हरी साग-सब्जी खाने, विभिन्न प्रकार के दाल एवं फल तथा पौष्टिक आहार खाने के लिए सलाह दी गई। इस दौरान गर्भवती माताओं की गोदभराई भी की गई और उन्हें सुपोषण टोकरी दिया गया। रेडी टू ईट से बने ठेठरी, लड्डु, अप्पे, चाकोली, चीला, उपमा, बर्फी, चुरमा, सेव जैसे विविध व्यंजन प्रदर्शित किए गए तथा जनसामान्य को बताया गया कि रेडी टू ईट से बच्चों के लिए विभिन्न तरह के सुरूचिपूर्ण पौष्टिक व्यंजन बना सकते है। इस दौरान तिरंगा फरा, नमकीन भजिया, तिल का लड्डु, मुररा लड्डु, बड़ा, भजिया के व्यंजन प्रदर्शित किए गए। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की भाजियां प्रदर्शित की गई। कृषि विभाग के स्टॉल में शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। मिट्टी परीक्षण, प्रधानमंत्री सफल बीमा योजना, लघु धान्य फसलों को बढ़ावा देना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं के बारे में बताया गया। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में ब्लड प्रेशर का परीक्षण किया गया।

**शुभांक**

**1-3-6**

**369-8 160-7**

**भाग्यांक**

**789-4 178-6**


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)

**निविदा सूचना क्रमांक - 8**

क्रमांक 2178/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2024-25 राजनांदगांव, दिनांक 13.09.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र ए में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुअल दिनांक 28.09.2024 तक आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | आमंत्रण सूचना |
|---|---|---|---|
| 1 | विकासखंड स्त्रोत केन्द्र उन्नयन कार्य खैरागढ़ विकासखण्ड खैरागढ़ | 5.19 | प्रथम बार |
| 2 | विकासखंड स्त्रोत केन्द्र उन्नयन कार्य छुईखदान विकासखण्ड छुईखदान | 5.33 | प्रथम बार |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 14.09.2024 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहूँचने की अंतिम तिथि दिनांक 30.09.2024 सायं 5.30 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
राजनांदगांव(छ.ग.)

जी - 242502550/2


# नशीली दवाई की सप्लाई करते सप्लायर गिरफ्तार

## अवैध रूप से नशीली दवाई बिक्री पर डोंगरगढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाही , अवैध रूप से नशीली टेबलेट बिक्री करते एक युवक गिरफ्तार





**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** इन दिनों बच्चों और युवाओं में नशीली टेबलेट के नशे किए जा रहे है जिससे युवाओं की बड़ी नस्ल इन गोलियों के नशे के बाद बिना डरे अपराध को अंजाम दे रहा है और युवा नस्ल खोखली होते जा रही है जो समाज के लिए घातक सिद्ध होता नजर आ रहा है और लगातार शिकायत के बाद पहली बार धर्मनगरी में पुलिस के द्वारा नशे की गोलियों की बिक्री करने वाले सप्लायर को नशे की गोलियों के साथ रंगे हाथ पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस से प्राप्त मामले में बताया गया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य अड्डाबाजी, असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। शहर के नाबालिग बच्चों के लगातार टेबलेट का नशा करने की शिकायत मिल रही थी ! इसी अभियान के दौरान 17 सितम्बर 2024 को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिला कि आरोपी चन्द्रभान गौतम उर्फ चिन्टु पिता गोपाल सिंग गौतम उम्र- 25 साल निवासी रजानगर डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छ0ग0 का जो बुधवारी पारा, रजा नगर क्षेत्र में घुम-घुम कर नशीली टेबलेट बेचता है जो



अपने पास काला रंग के बैग में भारी मात्रा में नशीली दवाई टेबलेट रखकर बेचने के लिये रजानगर के पास खड़ा हुआ है कि सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल विधिवत कार्यवाही करते हुये रजानगर डोंगरगढ़ मजार के पास पंहूचकर घेराबंदी कर आरोपी चन्द्रभान गौतम उर्फ चिन्टु को एक काला रंग के बैग के अन्दर में रखे नशीली टेबलेट ALPRAZOLAM TABLAETS I.p. 0.5 mg- SOZOX-0.50 का दस स्ट्रिप में 15-15 नग टेबलेट कुल 150 नग टेबलेट, बिक्री रकम 1000/-रू0 एवं एक नग मोबाईल रेडमी कंपनी के साथ पकड़ा गया। आरोपी चन्द्रभान गौतम उर्फ चिन्टु अवैध रूप से धन अर्जन करने हेतु शासन द्वारा प्रतिबंधित नशीली दवाई टेबलेट का बिक्री कर रहा था जिसके विरूद्ध धारा- 21(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है। आगे भी नशीली दवाई बिक्री करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## पेड़ों के बिना , पृथ्वी पर जीवन नहीं संभव - हारुन मानिकपुरी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पूरे देश व प्रदेश में जगह जगह वृहद पौधारोपण कार्यक्रम किया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने हारुन मानिकपुरी द्वारा एक एक पौधे अपनी मां के नाम समर्पित करते हुए उसके वृक्ष बन जाने तक उसकी सुरक्षा एवं देखभाल करने की अपील की। पौधारोपण कर अभियान में भावनात्मक रूप से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन अभियान को सफल बनाएं। एक पेड़ मां के नाम अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊपर होता है। मां हर मुसीबत सहकर भी अपने बच्चों का पालन पोषण करती है। हर मां अपने बच्चों पर प्रेम लुटाती है, नौ महीने कोख में रख कर जन्मदात्री मां अपने आंचल में छुपा कर स्तनपान कराती है, मां खुद गीले में सो कर अपने बच्चों को सुखे में सुलाती है, खुद भुखे रह कर अपने बच्चों की मल मूत्र की सफाई एवं पालन पोषण करती है। मां का यह प्यार हम सब पर क़र्ज़ की तरह होता है। जिसे कोई चुका नहीं सकता। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सोचना है कि अब हम मां को कुछ दे तो नहीं सकते लेकिन कुछ कर सकते हैं। इसी सोच में इस वर्ष पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है इस अभियान का नाम है एक पेड़ मां के नाम । हारुन मानिकपुरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए धरती और मानव जीवन के पोषण के लिए एक पेड़ लगाने और रक्षा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कृषि भूमि , जंगलो , एवं खाली प्लाट में पौधरोपण किया जा सकता है।



# हिमालय पारिस्थितिक संतुलन का मूल आधार - द्विवेदी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** देश के शीर्ष उत्तर में माँ भारती के मुकुट-सम स्थित हिमालय पर्वत माला की अत्यंत महत्वा स्थिति का परम प्रतीक हिमालय दिवस के परिप्रेक्ष्य में शास.कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के प्रमुख संरक्षण में विशेष व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने मुख्य वक्ता के रूप में विषयक छात्राओं को बताया कि विश्व की सबसे बड़ी एवं ऊंची विशालतम पर्वतमाला हिमालय नवीन मोड़दार पर्वतक्रम का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। भारतीय उपमहाद्वीप में इसकी भौगोलिक अवस्थिति समग्र देश-धरती की स्थिति को तुलनात्मक को दृष्टि से भौतिक-आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य को समृद्ध कर अखिल विश्व में हमारे देश को सर्वाधिक महत्वपूर्ण बना देती है। आगे डॉ. द्विवेदी ने हिमालय पर्वतक्रम की विशेष स्थित को संपूर्ण देश-प्रदेश-क्षेत्र के लिए विशिष्ट महता को स्पष्ट करते हुए कहा कि जलवायु नियंत्रक की मुख्य भूमिका अदा करने वाला हिमालय पर्वत साईबेरिया से आने वाली अत्यंत शीत एवं शुष्क पवनों से हम सभी की रक्षा करने के साथ-साथ मानसूनी हवाओं को रोककर विस्तृत क्षेत्र में वर्षा कराता है। अपनी ऊंची-ऊंची चोटियों में वर्षभर हिमांच्छादन से आद्रता बढ़ाकर अनेक सदावाहिनी नदियों के उद्गम का स्त्रोत बना रहता है। इसके भव्य उच्च ढालों एवं घाटियों पर अनुकूल जलवायु होने से सदाबहारी, शंकुधारी, सघन-



गहन वन वनस्पित्ति का विस्तार है जिससे अत्यधिक उपयोगी वन, संपदा, फल-फूल, औषधियाँ, जड़ी-बूटी, काष्ठ और कच्चा माल प्राप्त होता ही है तथा प्राकृतिक सौदर्य से ओतप्रोत वादियाँ, सुरम्य पर्यटन के केन्द्र बनकर वर्षभर हजारों, लाखों सैलानियों को सहज रूप से आकर्षित करते है और देश के मुख्य पर्यटन उद्योग केन्द्र बनकर आर्थिक और सांस्कृतिक समृद्धि के आधार बने हुए है। उल्लेखनीय है कि च्देवात्माज् के विशेषण नाम से प्रसिद्ध हिमालय हमारी अतीव गौरवशाली सनातन संस्कृति, पवित्र-आध्यात्म, परंपराओं की सदा-सर्वदा से परमपुण्य कार्य-स्थली रहा है। चूना-पत्थर, कोयला, पेट्रोलियम, तांबा, शीशा, स्लेट आदि प्राकृतिक खनिज संसाधनों का वृहद भंडार हिमालय देश-धरती के लिए वृहद पारिस्थितिक संतुलित माना जाता है। वर्तमान समय में चतुर्दिक बढ़ते दूषण-प्रदूषण और बिगड़ते पर्यावरण के कारण यहां प्राकृतिक आपदाएं निरंतर बढ़ती जा रही है, जिससे संपूर्ण हिमालय क्षेत्र प्राकृतिक आपदाओं का केन्द्र बनता जा रहा है, जो सभी के लिए चिंतनीय है। हिमालय दिवस का मूल संदेश है कि देश-धरती का प्रत्येक जन-जन सर्वजन इसकी संरक्षा और इसकी प्राकृतिक विशिष्टताओं के संवर्धन के लिए संकल्पित हो तथा मन-प्राण से इसके लिए महत्वपूर्ण पहल भी करें। यह प्रमाणित तथ्य है कि हिमालय का पारिस्थितिक संतुलन संपूर्ण धरती पर मानव सभ्यता के अस्तित्व के लिए परम आवश्यक है। हिमालय है तो मानव है और उसका यह संसार भी है।

# कलेक्टर की उपस्थिति में 21वीं पशु संगणना कार्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में 21वीं पशु संगणना कार्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बताया किया गया भारत सरकार पशुपालन प्रभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रम 21वीं पशु संगणना कार्य सितम्बर से प्रारंभ होकर दिसम्बर 2024 तक पूर्ण होगी। जिसके लिए विभिन्न 16 प्रकार के पशुओं की नस्लवार विस्तृत डाटा एकत्र करने एवं एप के माध्यम से एंट्री करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में बताया किया कि पशुधन गणना वर्ष 1919 से शुरू की गई थी, तब से यह हर 5 साल में एक बार पशुधन गणना आयोजित की जाती है। अब तक 20 पशु संगणनाएं की जा चुकी है। वर्तमान संगणना 21वीं पशु संगणना है। राजनांदगांव जिला में कुल 120 प्रगणक नियुक्त किए गए हैं, जो ग्रामों एवं शहरों में घर-घर जाकर डाटा संग्रह का कार्य करेंगे। पशु संगणना का कार्य एप के माध्यम से एण्ट्री कर किया जाएगा। जिसमें प्रगणक द्वारा एण्ट्री किए गए डाटा एवं पशु संगणना कार्य के निरीक्षण हेतु 20 सुपरवाईसर एवं एक जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अनूप चटर्जी कहा कि शासन की नीतियां एवं विभिन्न योजनाओं के निर्माण में पशु संगणना से प्राप्त डाटा महत्वपूर्ण है। उन्होंने पशु गणना के दौरान प्रगणकों को सटीक एवं शुद्ध डाटा एकत्र करने कहा। कार्यशाला में उपस्थित जिले के नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को मास्टर ट्रेनर डॉ. सुधीर पंचभाई द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# विधायक प्रतिनिधि के लॉज में पुलिस की छापेमार कार्यवाही को कांग्रेस ने बताया पुलिस की बौखलाहट



**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** बीते दिनों विधायक प्रतिनिधि नदीम मेमन के एआर लॉज में पड़े पुलिस के छापे पर अब लॉज संचालक नदीम मेमन, शहर के कांग्रेस नेताओं सहित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भी प्रतिक्रिया आ रही है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, विधायक प्रतिनिधि व एआर लॉज के संचालक नदीम मेमन, कांग्रेस नेता राजा सोलंकी ने बयान जारी कर पुलिस की छापेमारी को बौखलाहट में की गई कार्यवाही बताया है। क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री का कांग्रेस लगातार विरोध कर रही है और एसपी, कलेक्टर पर विधायक की टिप्पणी से बौखलाई पुलिस ने बदले की भावना से छापेमारी की है। लॉज संचालक नदीम मेमन ने कहा की उन्हें टारगेट बनाकर पुलिस उन पर कार्रवाई कर रही है। छापेमारी के एक दिन पहले उन्होंने आबकारी विभाग में आवेदन देकर शराब की अवैध बिक्री की शिकायत की थी व जिले के सभी शराब दुकानों के 7 दिनों की सीसीटीवी फुटेज देने की मांग की थी जिसके अगले ही दिन उनके लॉज में पुलिस ने छापेमारी की शहर में और भी लॉज है जहां रुकने व ठहरने की सुविधा है पुलिस को अगर छापा मारना ही था तो सभी लॉजों में एक साथ मारती लेकिन सिर्फ मेरे ही लॉज में छापा मारना पुलिस की बौखलाहट को साफ दिखाता है उन्होंने मेरी छवि खराब करने के लिए ये कार्रवाई की है। जो भाजपा के विरोध में कुछ करता है या बोलता है उसकी आवाज दबा दी जाती है- भूपेश बघेल खैरागढ़ पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से जब क्षेत्र में चल रहे शराब की अवैध बिक्री और खैरागढ़ सहित जिले के बाकी लॉजो को छोड़कर कांग्रेस नेता के लॉज में पड़े छापे के बारे में कहा कि ये खैरागढ़ की ही बात नही है पूरे राज्य में यही हो रहा है पुलिस अपना काम स्वतंत्र होकर नही कर पा रही है पुलिस एक राजनीतिक हथियार बनकर रह गई है, पुलिस को कह दिया गया है की कौन भाजपा के विरोध में बोलता है उसके ऊपर कार्यवाही करो उसे जेल में डाल दो पूरे राज्य में यही हो रहा है।

## 93 श्रद्धालु काशी विश्वनाथ एवं अयोध्या दर्शन के लिए हुए रवाना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री रामलला दर्शन (आयोध्या धाम) योजनांतर्गत जिले के 93 श्रद्धालुओं को काशी विश्वनाथ एवं अयोध्या दर्शन हेतु कलेक्टोरेट परिसर से रवाना किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक डोंगरगढ़ श्री विनोद खाण्डेकर, सदस्य रामलला दर्शन योजना श्री मूलचंद लोधी, श्री रमेश पटेल ने तीर्थयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। श्री रामलला दर्शन (आयोध्या धाम) योजनांतर्गत जिले के 93 श्रद्धालुओं को कलेक्टोरेट परिसर से दुर्ग रेल्वे स्टेशन के लिए 2 बस से रवाना किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण श्री बीएल ठाकुर, उप संचालक पंचायत श्री डीके कौशिक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

कं.3078 / प्रवा0-3/अ0वि0अ0/2024

राजनांदगांव, दिनांक 13/09/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चंद्रहास देवांगन पिता लोकेश कुमार देवांगन, निवासी भेड़ीकला, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम भेड़ीकला, पटवारी हल्का नंबर 0032, खसरा नंबर 28/4, रकबा 0.6070 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/ खसरा बी-1/ नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 27/09/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की अधिकारी मोहर से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)
राजनांदगांव



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202409092200051**

विषयः- अ-74

मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः- 2023-2024

छीरपानी (प ह न. 00024), पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार परमेश्वरी देवी अग्रवाल, अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका परमेश्वरी देवी अग्रवाल पति स्व. गोविन्दलाल अग्रवाल आयु 78 वर्ष सा. वार्ड नम्बर 10/12 गोल बाजार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम छीरपानी प.ह.न. 24 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 220 में ख.न. 102/10 रकबा 0.065हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.065हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में परमेश्वरी अग्रवाल पति गोविन्दलाल जाति अग्रवाल सा. डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि / आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 26.09.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

प्रति लिपि :- आवेदिका परमेश्वरी देवी अग्रवाल पति स्व. गोविन्दलाल अग्रवाल आयु 78 वर्ष सा. वार्ड नम्बर 10/12 गोल बाजार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव ईश्तहार का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराकर एक प्रति इस न्यायालय में पेश करे। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/09/2024 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
डोंगरगढ़

nandgaon times sep--19-2.qxd 9/18/2024 11:58 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) बिहार कौमी सेवक दल की स्थापना कब हुई?*


*2) किस वेद में कहा गया है कि युद्ध की उत्पत्ति व्यक्ति के मस्तिष्क में होती है?*

*3) बरमूडा त्रिभुज किस महासागर में अवस्थित है?*

*4) 37वें राष्ट्रीय खेलों का आधिकारिक प्रायोजक हाल ही में किसे बनाया गया है?*

*5) महेश्वर मोहंती का हाल ही में देहांत हो गया, वह किस राज्य की विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष थे?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 27 नवम्बर, 1921 (2) अथर्ववेद (3) उत्तर पश्चिम अटलांटिक महासागर (4) पेटीएम (5) ओडिशा

# कांग्रेस के चार पार्षदों में फूट, पालिका अध्यक्ष के पद पर भाजपा का कब्जा

## तीन कांग्रेस पार्षद भाजपा में गये, एक ने की क्रॉस वोटिंग, भाजपा पार्षद गिरजा चंद्राकर के सिर सजा अध्यक्ष का ताज

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पालिका के पूर्णकालिक अध्यक्ष पद के लिये बुधवार को हुये चुनाव में भाजपा ने अपनी रणनीति से क्लीन स्वीप करते हुये शानदार जीत दर्ज की है। सत्ता परिवर्तन के दो माह बाद ही नगर पालिका में कांग्रेस के अध्यक्ष रहे शैलेंद्र वर्मा के छः माह पहले नाटकीय इस्तीफे के बाद शासन ने पालिका के कामकाज के लिये भाजपा पार्षद गिरजा चंद्राकर को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया था और पूर्णकालिक अध्यक्ष के लिये बुधवार को 20 पार्षदों वाली खैरागढ़ नगर पालिका में भाजपा प्रत्याशी गिरजा चंद्राकर ने कांग्रेस प्रत्याशी सुमन पटेल के मुकाबले कुल 14 महत्वपूर्ण मत प्राप्त किये और 8 मतों से विजयी रही। चुनाव से पहले तक संख्या बल में कांग्रेस और भाजपा के यहां 10-10 पार्षद थे लेकिन कांग्रेस में भीतरघात की आशंका के बीच 3 कांग्रेस पार्षद शैलेंद्र वर्मा, सुमीत टांडिया और दिलीप सिंह राजपूत ने भाजपा प्रवेश कर लिया। इसके बाद चुनाव के नतीजे भी चौकाने वाले रहे और भाजपा ने कांग्रेस के 7 पार्षदों में से 1 पार्षद का अतिरिक्त मत लेकर अप्रत्याशित सेंधमारी की। भाजपा की ओर से जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के नेतृत्व व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू के मार्गदर्शन में साढ़े सात वर्षों बाद खैरागढ़ नगर पालिका में भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता में वापसी की है। जीत को लेकर भाजपा खेमे में देर तक जश्न का माहौल देखने को मिला, भाजपाईयों ने जीत के बाद जमकर आतिशबाजी की और मिठाइयां भी बांटी। चुनाव के दौरान भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता



नीलू शर्मा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, रामाधार रजक, विकेश गुप्ता, आयश सिंह बोनी सहित भाजपाई उपस्थित थे। पार्टी प्रत्याशी की जीत के बाद जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि तीनों कांग्रेसी पार्षदों ने भाजपा की रीति और नीति से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है और भाजपा ने पूर्ण बहुमत के साथ जीत दर्ज की है।

**चुनाव में भीतरघात के बाद कांग्रेस ने किया प्रदर्शन**

दूसरी ओर चुनाव में करारी हार का सामना कर रही कांग्रेस ने चुनाव के दौरान भाजपा पर लोकतंत्र की मर्यादा के विपरीत प्रलोभन देकर कांग्रेस पार्षदों को तोड़ने का आरोप लगाया और जमकर नारेबाजी करते हुये भाजपा प्रवेश करने वाले कांग्रेस पार्षद रहें शैलेंद्र वर्मा, सुमीत टांडिया और दिलीप सिंह राजपूत के विरूद्ध नगर पालिका के सामने स्टेट हाइवे में जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने विधायक यशोदा वर्मा की उपस्थिति में तीनों पार्षदों की रंगीन फोटो में पहले कालिख पोती और फिर तस्वीरों की पिटाई कर नारेबाजी करते हुये देर तक प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेता नीलांबर वर्मा, कन्हैया बैस, सुनीलकांत पांडे, नीलेंद्र शर्मा, मनराखन देवांगन, गुलशन तिवारी, नदीम मेमन सहित कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में नगर पालिका के सामने मौजूद रहे। विधायक यशोदा वर्मा ने हार के बाद प्रतिक्रिया देते हुये कहा है कि खरीद-फरोख्त की राजनीति करने में भाजपा को महारत हासिल है, अगर ईमानदारी से चुनाव होते तो कांग्रेस बहुमत के साथ विजयी होती।

**भाजपा प्रवेश करने वाले तीनों पार्षद कांग्रेस से छः साल के लिये निष्काशित**

नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव के दौरान कांग्रेस का साथ छोड़ भाजपा में जाने वाले तीनों पार्षद शैलेंद्र वर्मा, सुमित टांडिया व दिलीप सिंह राजपूत को कांग्रेस ने 6 वर्षों के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस के जिला महामंत्री मिहिर झा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने की पुष्टि के बाद पार्षदों का निष्कासन आदेश जारी किया हैं।

## सांसद, कलेक्टर, पत्रकारगण एवं जनसामान्य ने फोटो प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित भारत : मोदी जी की संकल्पना थीम पर आधारित फोटो प्रदर्शनी आज नगर निगम परिसर राजनांदगांव में लगाई गई। सांसद श्री संतोष पाण्डेय, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र रहा। जनसंपर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की खुबसूरत झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक दिखाई दी। फोटो प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में नागरिकों ने अवलोकन किया। जिले के पत्रकारगण, गणमान्यगण, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली बच्चे एवं जनसामान्य ने भी फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन का नि:शुल्क वितरण किया गया।

मोतीपुर राजनांदगांव निवासी श्री दिनेश केशरिया ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। श्री दिनेश ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जीवन पर आधारित यह फोटो प्रदर्शनी प्रेरक है। श्री दिनेश ने प्रदर्शनी देखकर बहुत खुशी व्यक्त की।

## निधन

**लक्ष्मीनारायण सोनी**



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के प्रतिष्ठित लक्ष्मी नारायण सोनी का 15 सितंबर सोमवार को निधन हो गया है वह 72 वर्ष के थे वह कुछ समय से अस्वस्थ थे उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया अंतिम यात्रा में मोहल्ले वासी नगर के जनप्रतिनिधि गन सामाजिक बंधु शामिल हुए थे वह शिक्षक धीरज सोनी तथा प्रॉपर्टी डीलर नीरज सोनी के पिता थे।

**नोहा देवांगन**



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डीडी नगर (चिखली) निवासी एवं सेवानिवृत्त व्याख्याता श्रीमती नोहा देवांगन (76 वर्ष) का निधन हो गया। श्रीमती देवांगन अपने पीछे दो पुत्रों दिलीप देवांगन (गायत्री परिव्राजक) व अनिल देवांगन एवं एक पुत्री सुधा देवांगन सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनके निज निवास से दोपहर एक बजे अंतिम यात्रा निकली और लखोली मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में देवांगन समाज के अलावा बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए।

**मोहम्मद फैजान**



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लोहार पारा निवासी शहर मुस्लिम समाज के जिम्मेदार रशीद भाई बेरिंग वाले के भतीजे व यूसुफ खान के सुपुत्र मोहम्मद फैजान 22 वर्ष के आकस्मिक (इन्तेकाल) निधन से मुस्लिम समाज एवम् उनके ईष्ट मित्रो में शोक की लहर रहीं। बड़ी संख्या में शहर जिले के सभी सामाजिक और व्यापारिक लोग मौजूद रहे। वही करोना काल के दौरान नागपूर में आक्सीजन मेन के नाम मशहूर प्यारे ज़िया खान महाराष्ट्र (राज्यमंत्री दर्जा) अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष सुपूर्द ए ख़ाक के दौरान उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन

## 15 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम शुरू हुआ

**राजनांदगांव। (नांदगांव टाइम्स)।** केंद्र में बैठी मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर सांसद संतोष पांडे ने आज भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता के माध्यम से मोदी सरकार की उपलब्धियां को साझा किया।



सांसद संतोष पांडे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालते हुए सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मूलमंत्र को लक्ष्य बनाकर देश के विकास का जो संकल्प व्यक्त किया था, अपने इस कार्यकाल के प्रथम 100 दिनों में इस पर उन्होंने तेजी से अमल किया है। इन प्रथम 100 दिनों में ही लगभग 15 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएँ शुरू करके भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की केंद्र सरकार 2047 तक ''विकसित भारत'' के लक्ष्य-पथ पर तेज रफ्तार से बढ़ रही है। देश की आधारभूत संरचना समेत 140 करोड़ देशवासियों के कल्याण के लिए मोदी-सरकार की प्रतिबद्धता का स्पष्ट संकेत बजट प्रावधानों ने किया था। पहले 100 दिनों में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में शुरू की गईं परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है : तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में 3 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसमें सड़क, रेल, बंदरगाह और हवाई मार्ग पर प्रमुख रूप से फोकस किया गया है। महाराष्ट्र के वधावन में 76,200 करोड़ रु. के वधावन मेगा पोर्ट को मंजूरी दी गई जो दुनिया के शीर्ष 10 बंदरगाहों में शामिल होगा। इसी प्रकार लद्दाख को हिमाचल प्रदेश से जोड़ने वाली शिन-खुन-ला सुरंग की आधारशिला रखी गई। रेल यात्रा को तेज और सुविधाजनक बनाने के लिए 8 नई रेलवे लाइन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जिससे 4.42 करोड़ मैन-डेज के रोजगार उत्पन्न होंगे। वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकास को मंजूरी के साथ ही पश्चिम बंगाल में बागडोगरा और बिहार में बिहटा में नए सिविल एन्क्लेवज की मंजूरी दी गई। अगत्ती और मिनिकॉय में नई हवाई पट्टी भी बनाई जाएंगी।

# 6 माह शेष -भारत हिंदू राष्ट्र संभागीय बैठक दुर्ग में संपन्न

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आदित्यवाहिनी के तत्वाधान में सभी हिंदु संगठनों के प्रमुख लोगो साथ पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानन्द सरस्वती जी का हिन्दुराष्ट्र महाभियान की बैठक दुर्ग संभाग में भगवान लंगूरवीर मंदिर में 15 सितंबर रविवार को सम्पन्न हुई बैठक की शुरुआत हम भारत भव्य बनाएंगे,हम हिंदू राष्ट्र बनाएंगे से प्रारंभ हुआ जिसमे आदित्यवाहिनी राष्ट्रीय महामंत्री ने गुरुदेव की घोषणा की भारत 3:30 वर्ष में हिंदू राष्ट्र होगा जिसमें 6 माह शेष हैं के विषय में विस्तार पूर्वक अपनी भाव रखें इसी कड़ी में आदित्यवाहिनी पश्चिम दिशा प्रमुख भोला तिवारी ने हिंदू राष्ट्र क्यों आवश्यक है और गौ का,गंगा का,मठ,मंदिर शिक्षा,रक्षा, वाणिज्य, सेवा एवं हमारे जितने सनातन मान बिंदु हैं उसमें जो विकृति या समस्या है भारत शासन से मान्यता प्राप्त बूचड़खानों के द्वारा,इसके अलावा उन्होंने सनातन वर्ण व्यवस्था के उपयोग एवं वियोग के महत्व को बताया और वर्ण या जाति जन्म से होती है ना कि कर्म से उदाहरण देकर बताया की सिँहके बच्चा को जन्म से सिँह कहेंगे कि कर्म से जब शिकार करेगा तब, गाय के बच्चे को जन्म से गाय कहेंगे कि कर्म से जब वह दूध देगी तब कहेंगे इस संभागीय हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ आदित्यवाहिनी के दुर्गइकाई ,भिलाई इकाई राजनांदगाव इकाई ,रायपुर इकाई ,भाटापारा इकाई ,धमधा इकाई ,कवर्धा इकाई ,खैरागड़ इकाई बिलासपुर इकाई के प्रमुख ,एवं अन्य जिलों से संगठन के सभी प्रतिनिधि उपस्थित थे जिनमे अंतरराष्ट्रीय प्रभारी आनंदवाहिनी सीमा तिवारी आदित्यवाहिनी से राष्ट्रीय महामंत्री विजय शर्मा पीठपरिषद प्रदेश प्रमुख नवनीत तिवारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्यवाहिनी टीकाराम साहू प्रांतीय पश्चिम दिशा प्रमुख आदित्यवाहिनी भोला तिवारी मारुति शरण शर्मा कवर्धा जिला प्रमुख आशीष दुबे दुर्ग प्रमुख नारायण शर्मा सचिव प्रदीप साहू हिमांशु शर्मा ,प्रकाश राजपूत उप प्रमुख दुर्ग,आयुष वतन शर्मा रायपुर आदित्यवाहिनी , बृजभूषण वर्मा कवर्धा साथ ही अन्य हिंदु संगठन के प्रमुख उपस्थित थे जिसमे सभी अपनी अपनी इस हिन्दुराष्ट्र महाअभियान के लिए भाव प्रकट किये ... अन्य हिंदु संगठन में मुख्य रूप से सनातन धर्म रक्षा वाहिनी प्रमुख - देवेश मिश्रा, हिन्दू जनजाग्रति प्रमुख - मंगेश खनगन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख - निर्भय सिंह, गौरक्षा वाहिनी प्रमुख - राम राघव यादव, सर्व ब्राम्हण समाज प्रमुख - अभिषेक अवस्थी, हिन्दू जागरण मंच प्रमुख - प्रदीप सिन्हा, सनातन सस्कृति मंच प्रमुख - संतोष पाठक, यदुवंश महासभा प्रमुख - मेघराज शिवानंद यादव सभी संगठनो का हिन्दुराष्ट्र महाभियान के लिये समर्थन मिलासफल सचालन राजनांदगांव जिला अध्यक्ष रूपेंद्र शास्त्री एवम साप्ताहिक संगोष्ठी प्रशिक्षण हनुमान चालीसा पाठ व आगामी प्रवास गुरुदेव भगवान के राजनांदगांव में कार्यक्रम की भूमिका भी रखे आये हुये सभी अतिथियों का आभार व्यक्त नारायण शर्मा जिला अध्यक्ष आदित्यवाहिनी दुर्ग एवं आयुष यादव पूर्व जिला अध्यक्ष आदित्यवाहिनी ने किया।

# कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में बारिश एवं बाढ़ के कारण सड़क एवं अन्य जल संरक्षण तथा जल संचय के अधोसंरचनाओं सहित निर्माण कार्यों की क्षति हुई है, उसकी पूरी जानकारी संबंधित विभाग जिला कार्यालय में प्रस्तुत करें, साथ ही उसके मरम्मत के प्रस्ताव भी रखें और उस पर कार्रवाई भी करें। उन्होंने जिले में स्वाईन फ्लू के पीड़ित पाए गए मरीज के उपचार करने के लिए की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इसके लिए निरंतर स्वास्थ्य जांच करें, उसके संपर्क में आए लोगों की भी स्वास्थ्य जांच करें। कलेक्टर ने श्री गणेश विसर्जन झांकी के दौरान सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए लगाए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सजगता एवं सर्तकता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में मदिरा के अवैध परिवहन एवं विक्रय के विरूद्ध आबकारी अधिकारी कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें, मदिरा के अवैध परिवहन एवं विक्रय की शिकायत नहीं आनी चाहिए। बैठक में उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारी से कहा कि जिन विद्यालयों के कक्षा दसवीं से कक्षा बारहवीं तक में विषय विशेषज्ञ शिक्षक नहीं है, वहां रोस्टर बनाकर अन्य स्थानों से सप्ताह में कम से कम दो दिन विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान उन्होंने अन्य विभागों के गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान वर्षा से जहां भी फसल और मकानों की क्षति हुई है, उसके प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करें, इसके अलावा अधिकारियों को पेयजल स्त्रोतों में क्लोरीन एवं अन्य दवाईयों का उपयोग कर स्वच्छ जल उपलब्ध कराने कहा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वस्थ्य विभाग द्वारा निरंतर स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन, लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि शहरी क्षेत्र के घूमंतु पशुओं के लिए चिन्हांकित स्थान पर पशुओं के चारे की व्यवस्था की जाए। इसके लिए पशुधन विभाग, नगरीय निकाय विभाग से समन्वय कर कार्रवाई सुनिश्चि करें। बैठक में उन्होंने अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई करने, राजस्व शिविरों के आयोजन करने, जनसमस्या निवारण शिविर के आयाजन से पूर्व लाभार्थियों के आवेदन प्राप्त कर उनके निराकरण करने, परीक्षा परिणामों के प्रतिशत बढ़ाने हेतु मेंटरशिप प्रोग्राम चलाने, स्वच्छताकर्मियों का शत-प्रतिशत पंजीयन करने, आयुष्मान कार्ड बनाने, फसल विविधता कार्यक्रम के तहत कार्ययोजना तैयार करने, कचरे के उचित प्रबंधन, दिव्यांग शिविरों के आयोजन, छात्रावास के निरीक्षण करने, गिरदावरी में युवोदय के युवाओं को जोडने सहित अन्य कार्यों के भी निर्देश दिए।



## किसान को फसलों में कीट बीमारियों से सुरक्षा के संबंध में दी गई समसामयिक सलाह

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** खरीफ में जिले में इस बार पर्याप्त वर्षा (दस वर्ष की तुलना में 130.7 मिमी) होने के कारण धान की फसल की अच्छी पैदावार होने की संभावना है। कुछ क्षेत्रों में बेमौसम वर्षा एवं खराब मौसम होने के कारण कीट एवं बीमारियों के प्रकोप देखने को मिल रहे हैं। जिले में धान फसल का रकबा 174147 हेक्टेयर है। कृषि विभाग द्वारा वर्तमान मौसम की स्थिति को देखते हुए कृषकों को विभिन्न कीट एवं बीमारियों के निरीक्षण एवं रोकथाम नियंत्रण करने की सलाह दी गई है। बारिश के बाद तेज धूप के बाद वाली मौसम में कम अवधि में पकने वाली किस्मों में विभिन्न तरह के कीट एवं बीमारियां देखने को मिल रही है। धान का झुलसा रोग (ब्लास्ट)- वर्तमान ब्लास्ट रोग से धान फसल में अधिक प्रकोप होने की शिकायत प्राप्त हुई है। इस रोग के कारण पौधे के निचली पत्तियों को आंख या नाव आकार के धब्बे बनते है। वातावरण में अधिक नमी तथा बादलों वाला मौसम रोग फैलाने में सहायक होते है, यह रोग पत्तियों के अलावा धान की बालियों को भी प्रभावित करता है, जिससे बालियों की गर्दन पर भूरे काले रंग का संक्रमण होने से बाली कमजोर एवं टूटने लगती है। इसके रोकथाम के लिए ट्रायसायकलाजोल 75 प्रतिशत डब्ल्यूपी को 200-300 ग्राम या आइसोप्रोथियोलेन 40 प्रतिशत ईसी को 750 मिली में से किसी एक दवा का प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। शीथ ब्लाइट- यह एक फफूंद जनित रोग है। जिस खेत में अधिक दिनों तक लगातार पानी जमा रहने से, नमी युक्त मौसम व मेड़ों पर उगे घास से धान में फैलती है। धीरे-धीरे बीमारी पूरे फसल में फैल जाती है।

## धर्म समाचार....

# भगवान गणेश की बनी रहे कृपा..., गणपति विसर्जन पर अपनों को भेजें शुभकामना संदेश



गणेश चतुर्थी पर भक्त बप्पा को घर लाकर सेवा करते हैं और विसर्जन के दिन ढोल-नगाड़ों के साथ विदा करते हैं। भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई इस मौके का हिस्सा नहीं बन पाता, इसलिए शुभकामना संदेशों के माध्यम से उत्सव में शामिल हुआ जा सकता है। गणेश चतुर्थी के मौके पर भक्त अपने घर पर बप्पा को लेकर आते हैं। उनकी खूब सेवा करते हैं, जिससे उनका आशीर्वाद और प्यार परिवार पर बना रहे। उसके बाद उनको बहुत ही भारी मन से अलविदा कहना का समय आता है। नदियों या पानी वाली जगह पर प्रतिमा का पूजा-पाठ के साथ विसर्जन होता है। इस दौरान भक्त ढोल-नगाड़ों के साथ उनको अलविदा कहते हैं। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई इस शानदार मौके का हिस्सा नहीं बन पाता है। ऐसे में आप अपनों को शुभकामना संदेश भेजकर उत्सव में शामिल हो सकते हैं। इस आर्टिकल में आपको कुछ अच्छे संदेश मिलेंगे, जिनका आप विसर्जन के दिन उपयोग कर सकते हैं।

**इन शुभकामना संदेशों का करें उपयोग**

1- गणपति विसर्जन का शुभ दिन है आया, हर कोई बप्पा के प्रेम में समाया। भगवान गणेश की कृपा बनी रहे सदा, आपके घर-आंगन में सुख और समृद्धि का हो बसेरा। 2- गणपति विसर्जन का ये अवसर है खास, भगवान गणेश लाएं आपके जीवन में खुशियों का आकाश। उनका आशीर्वाद हो सदा आपके साथ, हर दिन बने मंगलमय, और मिट जाएं जीवन के हर कष्ट। 3- बप्पा को विसर्जित करने का समय है आया, खुशी और दुख का ये मिलन मन को भाया। अगले साल फिर से बप्पा को लाने की आस में, हम सभी मिलकर गाएं गणपति बप्पा मोरया! 4- गणपति विसर्जन का विशेष समय है आया, यह हमें अपने भीतर के नकारात्मक विचारों और भावनाओं को भी विसर्जित करने का अवसर देता है। बप्पा के आशीर्वाद से जीवन में सकारात्मकता बनी रहे। 5- गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया! बप्पा के आशीर्वाद से सभी कष्ट दूर हों और जीवन में केवल सुख, शांति और समृद्धि का वास हो। उनकी कृपा सदा आप पर बनी रहे। 6- गणेश चतुर्थी और विसर्जन के दिन हम न केवल भगवान की आराधना करते हैं, बल्कि उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लेते हैं। बप्पा का आशीर्वाद हमें सही दिशा दिखाए। 7- जमीन पर बप्पा की कृपा बरसे, हर दिल में प्यार और उमंग की लहर हो। गणपति से यही विनती है कि संसार में हर व्यक्ति सुखी और खुशहाल रहे। 8- रिद्धि-सिद्धि के तुम हो दाता, संकटों को दूर करने वाले विधाता। हे बप्पा, आपकी कृपा से जीवन में समृद्धि और खुशियां आएं। गणेश चतुर्थी और विसर्जन की हार्दिक शुभकामनाएं! 9- भगवान गणेश का रूप कितना प्यारा, उनका चेहरा भोला-भाला। जब भी संकट आए जीवन में, बस उन्हें याद करो, क्योंकि बप्पा ही हैं हर मुश्किल में सहारा। 10- बप्पा के जाने से पहले, दिल में कुछ बात




कह दूं, आपके बिना कैसे बिताएंगे, सालभर की यह राह कठिन। 11- गणेश जी की कृपा से सजीव हो हर सपना, हर दिन खुशियों से भरे, हो सुख-समृद्धि की पगडंडा। 12- बप्पा को विदा कर, दिल में है उम्मीदें बहुत, फिर से मिलेंगे अगले साल, यही है दिल की बात। 13- गणेश जी की हर एक झलक में बसी है खुशियों की छांव, उनकी विदाई पर हम सब, मनाते हैं दिल से यही पाव। 14- गणपति बप्पा के साथ मनाया यह पर्व बड़ा, संग ले जाते हैं उन्हें, सबकी खुशियों का इशारा। उनके चरणों की छांव से, सजीव हो हर सपना, गणेश विसर्जन के दिन, दिल से हम देते शुभकामना। 15- सभी दुखों को दूर कर, जो भी परेशानी थी, गणपति की कृपा से, हर एक समस्या सुलझी। उनकी विदाई पर हम, प्रार्थना करते हैं बस यही, अगले साल फिर आओ, सबकी खुशियां और बढ़ाओ।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोट्र्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोट्र्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# गरीब एवं वंचित परिवारों के लिए कार्य करने से मिलती है ऊर्जा और प्रेरणा : प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री ने अंत्योदय की भावना के साथ अंतिम व्यक्ति को आवास उपलब्ध कराने के लिए किया कार्य - सांसद - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत हितग्राहियों का कराया गृह प्रवेश**






**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत ओड़िसा राज्य के भुवनेश्वर से देश भर के 4 लाख हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय नगर निगम सभागृह टाऊन हॉल में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण से जुड़े। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने 24 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत गृह प्रवेश करवाया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत जिले में मोर जमीन मोर मकान के 1816 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। जिसमें नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गगत 1132, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत 63, नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 209 एवं नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत 412 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश भर में श्रीगणेश उत्सव की धूम है। अनंत चतुदर्श एवं श्री विश्वकर्मा पूजा भी है। दुनिया में भारत ही ऐसा देश है, जहां श्रम और कौशल को विश्वकर्मा के रूप में पूजा जाता है। उन्होंने कहा कि आज देश के लाखों परिवारों को आवास मिला है। इनमें से 36 लाख घर हमारे गांव में है और 4 लाख घर हमारे देश के अलग-अलग शहरों में है। हमारी सरकार ने जो वादा किया था, इसे सरकार बनते ही अभूतपूर्व गति से पूरा कर रहे हैं। सरकार जनता जर्नादन की सेवा कर रही है। जनता के पास जाकर समस्याओं का समाधान कर रही है। आज का दिन विशेष है। आज केन्द्र सरकार ने 100 दिन का कार्यकाल पूरा कर लिया है और उपलब्धियां हासिल कर ली है। युवा, नारी सशक्तिकरण करने के लिए फैसले लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि गरीब एवं वंचित परिवारों तथा विभिन्न वर्गों के लिए कार्य करने से ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। जरूरतमंदों को पक्का घर मिलने से उनकी खुशी एवं संतुष्टि के भाव और यह अहसास मेरे जीवन की पूंजी है।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर तथा महात्मा गांधी जी की जयंती तक स्वच्छता पखवाड़ा एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री को जनसामान्य के लिए रोटी, कपड़ा और मकान की चिंता है। पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए जल जीवन मिशन के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आज देश भर के लाखों परिवारों को आवास मिला है। जिले में 24 आवास में गृह प्रवेश कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी का एक सपना होता है कि जीवन में एक सुंदर घर होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने अंत्योदय की भावना के साथ अंतिम व्यक्ति के लिए आवास उपलब्ध कराने हेतु कार्य किया है। उन्होंने ऊंच-नीच एवं भेदभाव रहित, अपनेपन की भावना के साथ आवास पूरा करने का कार्य किया है। सांसद ने सभी के लिए शुभेच्छा प्रगट की तथा सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सांसद ने जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी को पोषण माह तथा स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई। सांसद ने हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सचिन बघेल, पूर्व विधायक डोंगरगढ़ श्री विनोद खांडेकर, श्री खूबचंद पारख, श्री नीलू शर्मा, श्री भरत वर्मा, श्री रमेश पटेल, श्री अजीत जैन, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री राधेश्याम गुप्ता, श्री मूलचंद लोधी, पार्षद श्री किशुन यदु, पार्षद श्री शिव वर्मा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, कार्यपालन अभियंता नगर निगम श्री युके रामटेके अन्य जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।

# ढोल नगाड़ों के बीच भक्तों ने किया मूर्ति विसर्जन



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** अगले बरस तु जल्दी आ जयकारों के साथ गणेश भक्त सुबह से ही ढोल, मंजीरा, धुमाल के साथ स्थानीय महावीर पारा के तालाब मूर्ति का विसर्जन करते रहे। नगर के घरों व छोटे पंडालो में विराजे गणपति महाराज की विधि विधान से हवन पूजा अर्चना कर संपन्न हुई और भक्तजन प्रात: काल से ही रिक्शे, ठेले, आटो सहित वाहनों पर विराज कर गणपति बप्पा मोरिया, आधा लड्डू चोरीया, एक दो तीन चार गणेश जी की जय जयकार, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते ढोल नगाडो व धुमालो पर थिरकते महावीर तालाब पहुँच कर गणेश जी की प्रतिमा की विधि विधान से आरती पूजा अर्चना कर तालाब के कुंड में विसर्जन किया गया। महावीर तालाब पर सुबह से ही भक्तो का मेला लगा था। भक्तो के लिए नपा प्रशासन के द्वारा विशेष व्यवस्था करते हुए ट्यूब वाले नाव सहित घाट के सफाई के लिए सफाई कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई गई थी। पुलिस प्रशासन के द्वारा घाटों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई थी। देर शाम तक भक्तों का तालाब परिसर पर भक्तों का तांता लगा रहा। विर्सजन कार्यक्रम में इस वर्ष महिला भक्तो की संख्या अधिक दिखाई दे रही थी।

## अज्ञात 247 बल्क लीटर महुआ निर्मित कच्ची शराब एवं 100 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम मरकाकसा जंगल थाना डोंगरगांव में अज्ञात 247 बल्क लीटर महुआ निर्मित कच्ची शराब एवं 100 किलोग्राम महुआ लाहन आबकारी अधिनियम के तहत जप्त किया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह एवं स्टाफ आबकारी मुख्य आरक्षक श्री निजाम शाह ठाकुर, आबकारी आरक्षक श्री नागेश निषाद, श्री अनिल सिन्हा शामिल थे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध मदिरा विक्रय के रोकथाम के लिए होटलों, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

# स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वच्छता ही सेवा है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को उजागर करने के उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक किया जाना है। यह कार्यकम 02 अक्टूबर 2024 तक राष्ट्रपिता महात्मां गांधी जी के जन्म उत्सव तक किया जाना है। जिसमें आज दिनांक 17 सितम्बर 2024 को स्वच्छता ही सेवा है, के तहत उमा महेश वर्मा उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, अमीत जैन, अध्यक्ष भा.ज.पा.शहर मंडल डोंगरगढ़, अमीत छाबड़ पार्षद व नेता प्रतिपक्ष, राकेश कुमार अग्रवाल पार्षद, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुनिल कुमार (चिकू) जैन,प्रकाश जैन , डी.एकेश राव, पार्षद, हरीश मोटघरे पार्षद सहित सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा हरी झंड़ी दिखाकर रैली यात्रा को प्रारंभ किया गया और आमजनता को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ एक पेड़ मॉ के नाम के तहत शा.उ.मा.वि.क.शाला डोंगरगढ़ में जनप्रतिनिधियों एवं स्वच्छता दीदी तथा शाला के छात्राओं के द्वारा वृक्षारोपण एवं लक्ष्मी नारायण अग्रवाल के द्वारा शपथ दिलाया गया। उक्त कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य राजेश कन्नौजे, एवं समस्त शिक्षक / शिक्षिकाऐं तथा छात्राऐं एवं नगर पालिका डोंगरगढ़ के रितेश स्थापक उप अभियंता नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ एवं समस्त कर्मचारी तथा स्वच्छता दीदीयों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

## सर्किट हाउस में इंचार्ज राजशेखर मेंश्राम के नेतृत्व में हुई विश्वकर्मा पूजा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थापत्य कला के देवता विश्वकर्मा जी की पूजा लोक निर्माण विभाग के नवीन विश्राम गृह सर्किट हाउस



में हंसी-खुशी वातावरण में संपन्न हुई। 17 सितंबर विश्वकर्मा जयंती के तारतम्य में आज 18 सितंबर को की गई पूजा के दौरान नवीन विश्राम विश्राम गृह के प्रभारी अभियंता राजशेखर मेश्राम के साथ अन्य अभियंता एवं अमले के कर्मचारी गण में स्थल सहायक खेमलाल देवांगन, श्याम सिंह पटेल, शिव डोंगरे,रोशन सुखदेवे, दुर्गेश विश्वकर्मा, महेश पटेल, मुकेश साहू, उपेंद्र नेताम, बुद्धेश्वर साहू, शिव साहू, शेखर साहू, तुकेश साहू, दीपक साहू शेखर साहू अजय सिंह शिशुपाल साहू प्रीतम साहू, नारान्तक साहू, नरेंद्र साहू आदि शामिल थे।

## जनदर्शन में नागरिकों ने समस्याओं के समाधान के लिए दिया आवेदन

**सीईओ ने जनदर्शन में सुनी जनसामान्य की समस्याएं**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित करने कहा। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा।

जनदर्शन में राशन कार्ड बनाने, मकान क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, राजस्व अभिलेख को दुरूस्त करने, शौचालय निर्माण की अनुदान राशि दिलाने जैसी मूलभूत आवश्यकताओं एवं गांव के विकास के लिए तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# खोराटोला मे गणेश उत्सव पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया



**राजनांदगांव / गैंदाटोला ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवीन गणेश उत्सव समिति खोराटोला के द्वारा भगवान श्री गणेश जी का स्थापना किया गया। जिसमें कि गणेश विसर्जन के अवसर पर रात्रि 8 बजे मां भानेश्वरी मानस एवं जगराता परिवार सिंघोला का आयोजन बहुत ही धुमधाम के साथ किया गया। उक्त कार्यक्रम देखने के लिए गर्रापार, खोराटोला, कोलियरी,रैनूटोला, जोशीलमती सहित आसपास ग्रामीणों ने उक्त कार्यक्रम का आनंद लिया। उक्त कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि न्यु महराज ज्वेलर्स के संचालक अंजनी कुमार शर्मा ,अध्यक्षता हिरेन्द्र कुमार साहू मंत्री भाजपा जिला किसान मोर्चा राजनांदगांव विशेष अतिथि के रूप में बालमुकुंद कुंजाम सरपंच ग्राम पंचायत गर्रापार,उप सरपंच तिजू राम पडोटी , चेतन दास साहू ग्राम पटेल खोराटोला, जी एस सोयम शिक्षक, डाक्टर जामवंत साहू ,कृष्ण कुमार चन्द्रवंशी,चित्रांगन साहू जोशी लमती, कोमल साहू, संतोष कुमार,लोमनसिंह धुर्वे, एवं समिति के पदाधिकारि सोहेन्द्र कुमार साहू, योगेश कुमार, रेवाराम, नागेश पोर्ते,खिलेश्वर पोर्ते,इन्दू राम एवं आसपास के ग्रामीण जन भारी संख्या में उपस्थित रहे। समिति द्वारा सभी अतिथियों को शाल, श्री फल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# भाजपा खेरथा मंडल के आमंत्रण पर दीनदयाल साहू पहुंचे शक्ति केन्द्र भरनाभाठ



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला बालोद के डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के खेरथा मंडल के विशेष आमंत्रण पर भाजपा पि.व.मोर्चा राजनांदगांव के पूर्व जिलाध्यक्ष दीनदयाल (दीनू) साहू ने शक्ति केन्द्र भरनाभाठ के आश्रित ग्राम डूमरघूचा पहुंच कर भाजपा सदस्यता अभियान प्रभारी, साथ ही बूथ अध्यक्ष को आनलाइन मोबाइल के माध्यम से किस तरह से हम भाजपा का सदस्य ग्रहण कर सकते हैं उसको विस्तार से बताया गया। ज्ञात हो कि आन लाइन भाजपा सदस्य किस तरह से जुड़ना है उसको समझने के लिए दीनदयाल साहू को आमंत्रित किया गया था। तत्काल बूथ पर सुरजभान एवं भागवत साहू को मोबाइल पर भाजपा कि सदस्य ग्रहण करवा कर भाजपा का सदस्य प्रमाण पत्र उसके मोबाइल पर दिखाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीनदयाल साहू का अभार जताया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शक्ति केन्द्र प्रभारी,बूथ अध्यक्ष सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री राखी बांधने का उपहार अनुकंपा नियुक्ति के रूप में शीघ्र दें - माधुरी मृगे

## अनुकंपा नियुक्ति के लिए जल्द आदेश जारी करने की मांग



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अनुकंपा नियुक्ति शिक्षाकर्मी कल्याण संघ की अध्यक्ष माधुरी मृगे ने 11 अगस्त को मुख्यमंत्री को राखी बांधने का उपहार अनुकंपा नियुक्ति के रूप में मांग रही है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश भर के हजारों शिक्षक पंचायत नगरी निकाय संवर्ग के कर्मचारी दिवंगत हो गए हैं। उन दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों या परिजनों को हो रही आर्थिक कठिनाइयों का हवाला देते हुए जल्द से जल्द अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग की है। श्रीमती मृगे ने कहा कि 11 अगस्त को अनुकंपा नियुक्ति संघ ने जो राखी बांधे हैं। उसका उपहार जल्द से जल्द अनुकंपा नियुक्ति के रूप में देते हुए इसके लिए जल्द आदेश जारी करें। अनुकंपा नियुक्ति शिक्षा कर्मी कल्याण संघ दिवंगत पंचायत शिक्षा कर्मी की प्रदेश अध्यक्ष माधुरी मृगे की अगुवाई में अनुकंपा संघ ने पूर्व मुख्यमंत्री राजनांदगांव विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री लखन देवांगन और अन्य मंत्री गणों से मुलाकात किये। अपनी अनुकंपा नियुक्ति के लिए जल्द आदेश जारी करवाने के लिए सभी मंत्रीगण से निवेदन किये और अपनी बात को रखते हुए मंत्रीगण से चर्चा करते हुए कहे की 307 आंदोलन में जो भाजपा सरकार ने समर्थन दिए हैं। उसे समर्थन और उस वादे को याद करते हुए तत्काल मुख्यमंत्री से चर्चा करके आदेश जारी करवाये। विधानसभा अध्यक्ष और मंत्री गण से प्रदेश अध्यक्ष माधुरी मृगे ने चर्चा की और कही की मुख्यमंत्री को 11 अगस्त को जो हम अनुकंपा संघ ने राखी बांधे हैं। उसका उपहार जल्द अनुकंपा दिलवाए और आदेश जारी करें। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती माधुरी मृगे, उपाध्यक्ष श्री कमलेश्वर वर्मा, सचिव कु. अरूंधती शर्मा, सह सचिव कु. गीता साहू, मीडिया प्रभारी श्री अमर कुमार गुप्ता, श्री दीपक कुमार पटेल, प्रदेश प्रवक्ता श्री प्रमोद चौबे, श्रीमती ज्योति जगत, महामंत्री श्रीमती निर्मला नायक, श्री हिरेन्द्र वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य संध्या तारक, शांति साहू, टिकेश्वरी, राजकुमारी, रुखमणी ठाकुर, तृप्ती रोहनकर, एम. रूपा, प्रमिला बघेल, शांति साहू आदि उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com